विद्युत निगम ने एक्वा लाइन की रफ्तार पर लगाया ब्रेक

जासं, नोएडा : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) की अघोषित कटौती का सामना मंगलवार को नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो को भी झेलना पड़ा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से एक्वा लाइन का संचालन मंगलवार को एनएमआरसी को बंद रखना पड़ा। इस दौरान नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने वाले मुसाफिरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह 11:36 बजे पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से जैसे ही एक्वा लाइन मेट्रो की विद्युत आपूर्ति बंद की गई। हालांकि पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारी इस बात की जानकारी नहीं दे सके कि विद्युत आपूर्ति क्यों बाधित हुई। मेट्रो प्रबंधन की ओर से दावा किया गया कि आपूर्ति केवल चार मिनट ही बाधित रही। संबंधित अधिकारियों ने सिर्फ इतना बताया कि पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से आपूर्ति बाधित हुई है। एक्वा लाइन मेट्रो की प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताय कि चार मिनट के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई और संचालन शुरू करवा दिया गया। सुबह 11:36 बजे नोएडा-ग्रेनो लाइन पर सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी, 11:40 पर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई। वहीं अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को कोई छोटा ब्रेकडाउन और ट्रिपिंग नहीं हुई है। एक्वा लाइन मेट्रो की आपूर्ति बाधित होने की कोई शिकायत नहीं आई।